# केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN

शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़
ZONAL INSTITUTE OF EDUCATION & TRAINING, CHANDIGARH

निपुण भारत मिशन
हर बच्चे को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा

# योग्यता आधारित अधिगम
# COMPETENCY BASED LEARNING

## कक्षा - छठवीं
## CLASS- VI

## विषय - हिन्दी
## SUBJECT- HINDI





**'वह चिड़िया जो'**

प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखो।

(क) मैं

(ख) पुस्तक

(ग) मछली

(घ) शिक्षिका

(ङ) सेवक

प्रश्न-2 जातिवाचक संज्ञा को भाववाचक संज्ञा में बदला जा सकता है।

| जातिवाचक संज्ञा - मनुष्य | भाववाचक संज्ञा - मनुष्यता |
|---|---|
| (क) लड़का | |
| (ख) मित्र | |
| (ग) स्त्री | |
| (घ) पशु | |
| (ङ) पंडित | |

प्रश्न-3 संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। इन शब्दों से गुण, रंग, आकार, अवस्था, क्रम, संख्या एवं मात्रा की जानकारी प्राप्त होती है। दिए गए उदाहरणों में गुण, रंग, आकार, अवस्था, क्रम, संख्या बताओ।

| उदाहरण | विशेषण | विशेषता |
|---|---|---|
| (क) उसके पास छोटा घोड़ा है। | | |
| (ख) वहाँ लाल गुलाब थे। | | |
| (ग) तीसरा लड़का उधर जाए। | | |
| (घ) श्यामा भोली लड़की है। | | |
| (ङ) मुझे तीन दर्जन केले चाहिए। | | |

प्रश्न-4 क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्दों को क्रिया-विशेषण कहते हैं। दिए गए उदाहरणों में क्रिया-विशेषण शब्दों को अलग करके लिखो।

| उदाहरण | क्रिया-विशेषण |
|---|---|
| (क) कुत्ता जोर से भौंका। | |
| (ख) गर्मी अचानक बढ़ गई। | |
| (ग) विराट कल घर आएगा। | |
| (घ) महामारी तेजी से फैलेगी। | |
| (ङ) मुझे तीन दर्जन केले चाहिए। | |

प्रश्न-5 दिग्गज, सज्जन। इसी तरह शब्द के बीच में समान संयुक्त अक्षर वाले शब्द लिखो।

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

(ङ)

**'बचपन'**

प्रश्न-6 क्रिया शब्दों को संज्ञा शब्दों में बदला जा सकता है। नीचे दिए गए क्रिया शब्दों को संज्ञा शब्द में बदलो।

| क्रिया शब्द | संज्ञा शब्द |
|---|---|
| (क) तैरना | |
| (ख) रोना | |
| (ग) मिलना | |
| (घ) चढ़ना | |
| (ङ) रोपना | |

प्रश्न-7 क्रिया-विशेषण के चार भेद होते हैं- रीतिवाचक, कालवाचक, स्थानवाचक और परिमाणवाचक। निम्नलिखित उदाहरणों में क्रिया-विशेषण के भेद बताओ।

| उदाहरण | क्रिया-विशेषण |
|---|---|
| (क) तुम थोड़ा दौड़ो। | |
| (ख) बच्चे वहाँ टहल रहे हैं। | |
| (ग) बारिश अभी होगी। | |
| (घ) हवा तेजी से आती थी। | |
| (ङ) हिरण फुर्ती से उछल पड़ा। | |

प्रश्न-8 नीचे दिए गए उदाहरणों में सही अथवा गलत लिखो।

| उदाहरण | जवाब |
|---|---|
| (क) पीला - विशेषण | |
| (ख) हमेशा - क्रिया विशेषण | |
| (ग) गुलाबी - संज्ञा | |
| (घ) कूदना - अव्यय | |
| (ङ) हमको - सर्वनाम | |

प्रश्न-9 चेहरा **खाली-खाली** लगने लगा। यहाँ **खाली** शब्द का दो बार प्रयोग किया गया है। इसी तरह दिए गए शब्दों का दो बार प्रयोग करके चार वाक्य लिखो।

(क) बार-बार

(ख) पानी-पानी

(ग) घर-घर

(घ) फूल-फूल

प्रश्न-10 कलमदान 'कलम' और 'दान' से बना है। इसी तरह दिए गए शब्दों में 'दान' जोड़कर अन्य शब्द बनाओ।

(क) फूल

(ख) कद्र

(ग) पाय

(घ) रक्त

(ङ) रोशन

प्रश्न-11 दिए गए उर्दू शब्दों के हिन्दी अर्थ बताओ।

(क) पोशाक

(ख) बारीक़

(ग) इलाज़

(घ) मदद

(ङ) हिम्मत

**'नादान दोस्त'**

प्रश्न-12 संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के छह भेद हैं - (1) पुरुषवाचक सर्वनाम, निजवाचक सर्वनाम, निश्चयवाचक सर्वनाम, अनिश्चयवाचक सर्वनाम, संबंधवाचक सर्वनाम और प्रश्नवाचक सर्वनाम। दिए गए उदाहरणों में सर्वनाम के भेद बताओ।

| उदाहरण | सर्वनाम |
|---|---|
| (क) तुम विद्यालय गए थे। | |
| (ख) घर पर कोई आया है। | |
| (ग) मोहन कब आएगा? | |
| (घ) पिताजी ने स्वयं भेजा है। | |
| (ङ) नदी के उस पार मेरा घर है। | |

प्रश्न-13 संस्कृत के जिन शब्दों का रूप बिगड़कर हिन्दी में प्रयोग होने लगा उन्हें तद्भव शब्द कहा जाता है। जैसे- प्रस्तर (तत्सम) - पत्थर (तद्भव), दुग्ध (तत्सम) - दूध (तद्भव)।
दिए गए तत्सम शब्दों के रूप लिखो।

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द |
|---|---|
| (क) ग्राम | |
| (ख) धूम्र | |
| (ग) धरित्री | |
| (घ) यमुना | |
| (ङ) पुष्प | |

प्रश्न-14 किसी शब्द के समान अर्थ बताने वाले शब्दों को समानार्थी शब्द कहते हैं। जैसे- आकाश के समानार्थी शब्द हैं - नभ, व्योम, अंबर, शून्य। दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।

| **शब्द** | समानार्थी शब्द |
|---|---|
| (क) बादल | |
| (ख) घर | |
| (ग) पक्षी | |
| (घ) जंगल | |
| (ङ) शरीर | |

प्रश्न-15 दी गई पंक्ति को ध्यान से पढ़ो और उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करके उसे पुन: लिखो।

कहेंगी कि तूने ही चढ़ाया था क्या करेगी देखकर अब अंडे बड़े आराम से हैं जब बच्चे निकलेंगे तो उनको पालेंगे

प्रश्न-16 रीतिवाचक क्रिया-विशेषण कार्य होने के ढंग को व्यक्त करता है। जैसे - केशव सकपकाकर बोला। दिए गए क्रिया-विशेषण शब्दों का वाक्य-प्रयोग करो।

| क्रिया-विशेषण | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (क) घबराकर | |
| (ख) गिड़गिड़ाकर | |
| (ग) हँसकर | |
| (घ) प्रेमपूर्वक | |
| (ङ) शीघ्रता से | |

## **'चाँद से थोड़ी-सी गप्पें'**

प्रश्न-17 संज्ञा शब्दों को विशेषण शब्दों में सरलता से बदला जा सकता है। जैसे - गुलाब (संज्ञा) से गुलाबी (विशेषण), केन्द्र (संज्ञा) से केन्द्रीय (विशेषण) दिए गए शब्दों को विशेषण शब्दों में बदलो।

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| (क) शहर | |
| (ख) सरकार | |
| (ग) भारत | |
| (घ) चाँद | |
| (ङ) घर | |

प्रश्न-18 'गोल-मटोल' विशेष प्रकार का शब्द-युग्म है। इसी तरह कोई अन्य चार शब्द-युग्म लिखो।

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

(ङ)

प्रश्न-19 हिन्दी महीनों के नाम क्रम से लगाओ।
श्रावण, पौष, वैशाख, कार्तिक, आषाढ़, आश्विन, चैत्र, मार्गशीर्ष, फाल्गुन, ज्येष्ठ, भाद्रपद, माघ

| | |
|---|---|
| (1) | (7) |
| (2) | (8) |
| (3) | (9) |
| (4) | (10) |
| (5) | (11) |
| (6) | (12) |

प्रश्न-20 क्रिया के मूल रूप में 'कर' जोड़ने से पूर्वकालिक क्रिया बनती है। दिए गए क्रिया शब्दों से पूर्वकालिक क्रिया बनाइए। जैसे : - पकड़ना (पकड़) - पकड़कर (पूर्वकालिक क्रिया)

| क्रिया | पूर्वकालिक क्रिया |
|---|---|
| (क) भागना | |
| (ख) लिखना | |
| (ग) देखना | |
| (घ) जीतना | |
| (ङ) सुलगना | |

**'अक्षरों का महत्त्व'**

प्रश्न-21 किसी शब्द के मूल से पहले जुड़कर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश को उपसर्ग कहते हैं। जैसे -अ (उपसर्ग) + धर्म (मूल शब्द)] = अधर्म (अर्थ में परिवर्तन)
इसी तरह दिए गए मूल शब्द में 'अ' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाओ।

| मूल शब्द | अर्थ में परिवर्तन |
|---|---|
| (क) सत्य | |
| (ख) दृश्य | |
| (ग) परिचित | |
| (घ) सुर | |
| (ङ) शांति | |

प्रश्न-22 जिन वस्तुओं को गिना जा सकता है उनसे पहले संख्या का प्रयोग करने से संख्यावाची विशेषण बनता है। दी गई संख्याओं को गिनी जा सकने वाली वस्तुओं के पहले लगाओ।

(क) आठ

(ख) पाँच

(ग) सात

(घ) तीन

(ङ) बारह

प्रश्न-23 जिन वस्तुओं को मापा या तौला जा सकता है उनसे पहले संख्या का प्रयोग करने से परिमाण

वाचक विशेषण बनता है। दिए गए शब्दों के साथ संख्या सहित माप-तौल वाले मात्रक लगाओ।

(क) शहद

(ख) चीनी

(ग) कपड़ा

(घ) घी

(ङ) चावल

प्रश्न-24 निम्नलिखित उदाहरणों में व्यक्तिवाचक संज्ञा पहचानो और लिखो।

| उदाहरण | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
|---|---|
| (क) ब्रह्मपुत्र एक नदी का नाम है। | |
| (ख) आगरा औद्योगिक नगर है। | |
| (ग) लता मंगेशकर लोकप्रिय गायिका थीं। | |
| (घ) रामायण धार्मिक पुस्तक है। | |
| (ङ) हरियाणा बहुत समृद्ध प्रदेश है। | |

प्रश्न-25 दो वर्णों के मेल से जो विकार (परिवर्तन) उत्पन्न होता है उसे संधि कहते हैं। स्वर वर्णों के मेल को स्वर संधि कहते हैं। विद्या + आलय = विद्यालय, रमा + ईश = रमेश

| उदाहरण | संधि |
|---|---|
| (क) मेघ + आलय | |
| (ख) रवि + ईश | |
| (ग) धन + अर्थी | |
| (घ) कवि + इन्द्र | |
| (ङ) लघु + उत्तर | |

प्रश्न-26 दिए गए शब्दों को संधि-विच्छेद (अलग-अलग) करके लिखो।

(क) महेश

(ख) नरेन्द्र

(ग) देवेश

(घ) सुरेन्द्र

(ङ) राकेश

**'पार नजर के'**

प्रश्न-27 'घर पहुँचते ही बिजली चली गई।' इस वाक्य को ऐसे भी लिखा जा सकता है :- जैसे ही घर पहुँचा, बिजली चली गई। दिए गए वाक्यों को उदाहरण के अनुसार बदलो।

| वाक्य | वाक्य परिवर्तन |
|---|---|
| (क) सूरज डूबते ही अँधेरा हो गया। | |
| (ख) बादल घिरते ही बरसात होने लगी। | |

(ग) बाँसुरी बजते ही राधा नाचेगी।

(घ) गाड़ी रुकते ही लोग उतरने लगे।

(ङ) बारात आते ही ढोल बजने शुरू हो गए।

प्रश्न-28 संधि करके लिखो।

(क) उत्तर + अंचल

(ख) सूर्य + अस्त

(ग) अल्प + आहार

(घ) महा + आत्मा

(ङ) सीमा + अंत

प्रश्न-29 मुहावरों के प्रयोग से वाक्य में विशेष प्रभाव उत्पन्न होता है। जैसे- सोहन ने रुपये देकर पीछा छुड़ाया। निम्नलिखित वाक्यों में मुहावरों का उचित प्रयोग करो।
नाम डुबो दिया, पासा पलट गया, कमर कस लिया, अंधा हो गया, नौ दो ग्यारह हो गए

(क) एक छक्का पड़ते ही मैच का ........................

(ख) गैर कानूनी काम करके दिनेश ने अपना ................

(ग) सोहन मोबाइल लेने के लिए ...........................

(घ) कुश्ती का खेल देखकर पहलवान ने ......................

(ङ) चोर सामान लेकर .....................

प्रश्न-30 दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| (क) विज्ञानिक | |
| (ख) आंतरिक्ष | |
| (ग) पर्मुख | |
| (घ) नीरिक्षक | |
| (ङ) कवियित्री | |

प्रश्न-31 दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द बताओ।

| शब्द | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|
| (क) पहाड़ | |
| (ख) धरती | |
| (ग) देव | |
| (घ) अग्नि | |
| (ङ) आँख | |

**'साथी हाथ बढ़ाना'**

प्रश्न-32 दिए गए सर्वनाम शब्दों का वाक्य-प्रयोग करो।

| सर्वनाम शब्द | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| (क) स्वयं | |

(ख) अपने आप

(ग) खुद

(घ) अपने लिए

(ङ) अपने में

प्रश्न-33 दो पदों के बीच 'और' शब्द का लोप होने पर द्वंद्व समास कहलाता है। जैसे :- भाई और बहन (भाई-बहन) दिन और रात (दिन-रात)। द्वंद्व समास के अन्य कोई पाँच उदाहरण लिखो।

| सामासिक पद | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

प्रश्न-34 'हाथ' शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। हिन्दी में हाथ से संबंधित कई मुहावरे प्रचलित हैं। जैसे- हाथ मिलाना = सहयोग करना, हाथ खींचना = सहयोग न करना। हाथ से संबंधित अन्य चार मुहावरे लिखो।

| मुहावरे | अर्थ |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |

प्रश्न-35 निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी अर्थ बताओ।

| शब्द | हिन्दी अर्थ |
|---|---|
| (क) खातिर | |
| (ख) मंजिल | |
| (ग) दरिया | |
| (घ) किस्मत | |
| (ङ) इरादा | |

प्रश्न-36 'सम्मान' एवं 'पत्तन' शब्दों की तरह ही समान संयुक्त अक्षर वाले अन्य चार शब्द लिखो।

(क)

(ख)

(ग)

(घ)

(ङ)

प्रश्न-37 अधूरी पंक्तियों को पूरी करो।

पंक्तियाँ

(क) एक अकेला थक जाएगा,

(ख) सागर ने रस्ता छोड़ा,

(ग) अपना दुख भी एक है साथी,
(घ) एक से एक मिले तो इंसाँ,

**'ऐसे-ऐसे'**

प्रश्न-38 जिस वाक्य से किसी कार्य या बात के होने का बोध होता है, उसे विधिवाचक या विधान वाचक वाक्य कहते हैं। जैसे- रमेश स्कूल गया है। जंगल में एक शेर था। मैं सरोवर देखना चाहूँगा। कोई अन्य चार विधिवाचक वाक्य लिखो।

विधिवाचक वाक्य
(क)
(ख)
(ग)
(घ)

प्रश्न-39 जिस वाक्य से किसी कार्य या बात के न होने का बोध होता है, उसे निषेधवाचक वाक्य कहते हैं।जैसे- रमेश स्कूल नहीं गया है। जंगल में शेर नहीं था। मैं सरोवर देखना नहीं चाहूँगा।
कोई अन्य चार निषेधवाचक वाक्य लिखो।

निषेधवाचक वाक्य
(क)
(ख)
(ग)
(घ)

प्रश्न-40 जिस वाक्य से किसी कार्य या बात के पूछने का बोध होता है, उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं। जैसे- रमेश स्कूल कब गया? शेर कहाँ रहता है? मुझे सरोवर कौन दिखाएगा?
कोई अन्य चार प्रश्नवाचक वाक्य लिखो।

प्रश्नवाचक वाक्य
(क)
(ख)
(ग)
(घ)

प्रश्न-41 जिस वाक्य में कोई कार्य को करने के लिए किसी को आदेश दिया जाता है, उसे आदेश या आज्ञावाचक वाक्य कहते हैं। जैसे- तुम दरवाजा बंद करो। मोहन कपड़े अलमारी में रखो। इधर से जाना मना है। कोई अन्य चार आज्ञावाचक वाक्य लिखो।

आज्ञावाचक वाक्य
(क)
(ख)
(ग)
(घ)

प्रश्न-42 क्रिया के जिस रूप से किसी कार्य के होने की पूर्णता या अपूर्णता का पता चले उसे 'काल' कहते हैं। काल के मुख्यत: तीन प्रकार हैं- वर्तमान काल, भूत काल, भविष्य काल।

| दिए गए वाक्यों में काल बताओ। | |
|---|---|
| वाक्य | काल |
| (क) मैं अपना कार्य कर लूँगा। | |
| (ख) पक्षी गगन में उड़ रहे हैं। | |
| (ग) सीता ने सोने का हिरन देखा। | |
| (घ) मोर जंगल में नाचते हैं। | |

| प्रश्न-43 कुछ शब्द ऐसे होते हैं जिनके पहले 'अ' उपसर्ग जोड़ने से उसका विलोम शब्द बनता है। जैसे- सफल में 'अ' जोड़ने से अ+सफल = असफल। दिए गए शब्दों के पहले 'अ' जोड़कर शब्द पुन: लिखो। | |
|---|---|
| शब्द | विलोम शब्द |
| (क) शांति | |
| (ख) कारण | |
| (ग) हिंसा | |
| (घ) सत्य | |
| (ङ) विवेक | |

**'टिकट-अलबम'**

| प्रश्न-44 नीचे दिए गए अंकों को शब्दों में लिखो। | |
|---|---|
| अंक | शब्द |
| (क) 11 | |
| (ख) 24 | |
| (ग) 53 | |
| (घ) 37 | |
| (ङ) 75 | |

| प्रश्न-45 दिए गए शब्दों के हिन्दी अर्थ लिखो। | |
|---|---|
| शब्द | हिन्दी अर्थ |
| (क) तारीफ़ | |
| (ख) मशहूर | |
| (ग) दफ़्तर | |
| (घ) दफ़्तर | |
| (ङ) मंजिल | |

| प्रश्न-46 'उत्तर' का एक अर्थ है 'जवाब' और दूसरा अर्थ है 'एक दिशा'। ऐसे ही दिए गए शब्दों के दो भिन्न अर्थ बनाओ। | |
|---|---|
| शब्द | भिन्न अर्थ |
| (क) घन | |
| (ख) पानी | |
| (ग) दल | |
| (घ) अंबर | |

| | |
|---|---|
| (ङ) हरि | |

प्रश्न-47 नीचे दी गई पंक्ति को पढ़कर उचित विराम चिह्न लगाओ।

(क) “ ” (ख) , (ग) । (घ) ?

पर मेरे पास जो टिकट है वह कहाँ है उसके पास राजप्पा ने फिर ललकारा

प्रश्न-48 ‘एक-एक’ का मतलब होता है- हर एक या प्रत्येक। इसी तरह दिए गए शब्द के जोड़ों का अर्थ बताओ।

| शब्द के जोड़े | भिन्न अर्थ |
|---|---|
| (क) बार-बार | |
| (ख) दिन-दिन | |
| (ग) घर-घर | |
| (घ) वर्ष-वर्ष | |
| (ङ) गली-गली | |

## ‘झाँसी की रानी’

प्रश्न-49 वाक्य में जिस पद से किसी व्यक्ति या वस्तु का संबंध दूसरे व्यक्ति या वस्तु से व्यक्त होता है, उसे संबंध कारक कहते हैं। जैसे - मोहन का भाई, जंगल का राजा इत्यादि। इसी तरह संबंध कारक दर्शाने वाले कोई चार उदाहरण लिखो।

| | |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

प्रश्न-50 शब्द के मूल रूप में ‘आनी’ प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाए जा सकते हैं। जैसे ‘देवर’ शब्द में ‘आनी’ प्रत्यय जोड़ने पर नया शब्द बनता है - देवर + आनी = देवरानी
दिए गए शब्दों में ‘आनी’ प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।,

| | |
|---|---|
| (क) नौकर | |
| (ख) जेठ | |
| (ग) शिव | |
| (घ) मर्द | |
| (ङ) सेठ | |

प्रश्न-51 ‘बात’ शब्द से ‘बतियाना’ शब्द बनता है। ऐसे ही दिए गए शब्दों की मदद से नए शब्द बनाओ।

| शब्द | नया शब्द |
|---|---|
| (क) हाथ | |
| (ख) साठ | |
| (ग) गाँठ | |
| (घ) माटी | |

| | |
|---|---|
| (ङ) लाठी | |

प्रश्न-52 'पंचानन' शब्द में पंच (पाँच) एक संख्या है। ऐसे ही संख्या वाले अन्य पाँच शब्द लिखो।

| संख्यावाची शब्द | संख्या |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

प्रश्न-53 निम्नलिखित शब्दों को तद्भव में बदलो।

| तद्भव शब्द | तत्सम शब्द |
|---|---|
| (क) आम | |
| (ख) खेत | |
| (ग) गाँव | |
| (घ) सावन | |
| (ङ) वधू | |

प्रश्न-54 'तलवार' शब्द के बहुवचन रूप हैं- तलवारें, तलवारों। इसी तरह दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप बताओ।

| शब्द | बहुवचन शब्द |
|---|---|
| (क) बुंदेला | |
| (ख) पुस्तक | |
| (ग) लट्ठा | |
| (घ) आँख | |
| (ङ) कुदाल | |

प्रश्न-55 दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखो।

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| (क) झान्सी | |
| (ख) किरपान | |
| (ग) आरध्य | |
| (घ) व्यपारी | |
| (ङ) मंदीर | |

**'जो देखकर भी नहीं'**

प्रश्न-56 'दार' प्रत्यय जोड़ने से शब्दों का रूप और अर्थ दोनों बदल जाता है। जैसे- पहरा + दार = पहरेदार। नीचे दिए गए शब्दों में दार प्रत्यय जोड़कर पुनः लिखो।

| शब्द | नया शब्द |
|---|---|
| (क) समझ + दार | |
| (ख) मजा + दार | |
| (ग) मसाला + दार | |

| | |
|---|---|
| (घ) जोर + दार | |
| (ङ) दूकान + दार | |

प्रश्न-57 कुछ शब्द सुनने और पढ़ने में एक जैसे लगते हैं, लेकिन उनके अर्थ एक जैसे नहीं होते। ऐसे शब्दों को समश्रुत भिन्नार्थक शब्द कहते हैं। ऐसे ही समश्रुत भिन्नार्थक शब्द लिखो और उनके अर्थ को समझो।

| उदाहरण | भिन्न अर्थ |
|---|---|
| (क) अनल - अनिल | |
| (ख) अंश - अंस | |
| (ग) इत्र - इतर | |
| (घ) प्रसाद - प्रासाद | |
| (ङ) परिणाम - परिमाण | |

प्रश्न-58 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द बताओ।

| उदाहरण | विलोम शब्द |
|---|---|
| (क) मित्र | |
| (ख) प्रश्न | |
| (ग) मधुर | |
| (घ) उन्नति | |
| (ङ) बुद्धिमान | |

प्रश्न-59 क्रिया के मूल रूप में 'कर' जोड़ देने से पूर्वकालिक क्रिया बनती है। उदाहरण के लिए जाग (जागना) + कर = जागकर, भाग (भागना) + कर = भागकर। क्रिया के मूल रूप से पूर्वकालिक क्रिया बनाओ।

| क्रिया | पूर्वकालिक क्रिया |
|---|---|
| (क) गाना | |
| (ख) लिखना | |
| (ग) दौड़ना | |
| (घ) काटना | |
| (ङ) पीना | |

प्रश्न-60 खेती-बाड़ी से जुड़े कार्यों को करने के लिए कुछ विशेष प्रकार के औजारों की जरूरत होती है। खेती-बाड़ी से संबंधित किन्हीं पाँच औजारों की सूची बनाकर उसका प्रयोग बताओ।

| | |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

**'संसार पुस्तक है'**

प्रश्न-61 क्रिया के मूल रूप में 'कर' जोड़ देने से पूर्वकालिक क्रिया बनती है। उदाहरण के लिए जाग (जागना) + कर = जागकर, भाग (भागना) + कर = भागकर। क्रिया के मूल रूप से पूर्वकालिक क्रिया बनाओ।

| क्रिया | पूर्वकालिक क्रिया |
|---|---|
| (क) गाना | |
| (ख) लिखना | |
| (ग) दौड़ना | |
| (घ) काटना | |
| (ङ) पीना | |

प्रश्न-62 'ईला' प्रत्यय जोड़कर संज्ञा शब्द को विशेषण में बदला जा सकता है। जैसे- पत्थर + ईला = पथरीला। 'ईला' प्रत्यय जोड़कर संज्ञा शब्दों को विशेषण में बदलो।

| संज्ञा | विशेषण |
|---|---|
| (क) नशा | |
| (ख) रंग | |
| (ग) रस | |
| (घ) जहर | |
| (ङ) बर्फ | |

प्रश्न-63 विशेषण जिस व्यक्ति, वस्तु, स्थान या प्राणी की विशेषता बताता है उसे विशेष्य कहते हैं। जैसे - 'नीला कुर्ता' यहाँ 'नीला' शब्द 'कुर्ता' की विशेषता बता रहा है अत: 'कुर्ता' 'विशेष्य' है। नीचे दिए गए शब्दों के लिए उचित विशेष्य सोचकर लिखो।

| विशेषण-विशेष्य | विशेष्य |
|---|---|
| (क) विदेशी नागरिक | |
| (ख) सरकारी नौकर | |
| (ग) जहरीला साँप | |
| (घ) चित्तीदार हिरण | |
| (ङ) गुणवान बालक | |

प्रश्न-64 जिन शब्दों के रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक अथवा काल के कारण कोई बदलाव नहीं होता है, उन शब्दों को अव्यय कहा जाता है। निम्नलिखित वाक्यों से अव्यय शब्द अलग करके लिखो।

| वाक्य | अव्यय |
|---|---|
| (क) उसने पूछा इसलिए बताया। | |
| (ख) उधर कोई रहता है। | |
| (ग) राधा और कृष्ण दिखाई दिए। | |
| (घ) बोलो किन्तु आवाज न हो। | |
| (ङ) शिक्षक ने बताया, कल परीक्षा होगी। | |

प्रश्न-65 दिए गए योजक शब्दों का उचित प्रयोग करो। और, चूँकि, अभी, लेकिन, क्योंकि

(क) फ़सल अच्छी थी ........... बारिश ने चौपट कर दिया।

(ख) राम को चौदह वह का वनवास ........ भारत को राजगद्दी दी गई।

(ग) तोते आम खा गए ................. आम कच्चे थे।

(घ) ............... अँधेरा हो गया था इसलिए कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

(ङ) सोहन ........... घर नहीं आया है।

प्रश्न-66 निम्नलिखित शब्दों को बहुवचन में बदलो।

| शब्द | बहुवचन |
|---|---|
| (क) कथा | |
| (ख) लता | |
| (ग) विद्वान | |
| (घ) तारा | |
| (ङ) घाटी | |

**'मैं सबसे छोटी होऊँ'**

प्रश्न-67 निम्नलिखित एक से लगते शब्दों में क्या अंतर है।

| शब्द | अर्थ |
|---|---|
| (क) निधन, निर्धन | |
| (ख) गृह, ग्रह | |
| (ग) अपेक्षा, उपेक्षा | |
| (घ) शूर, सूर | |
| (ङ) समान, सामान | |

प्रश्न-68 जब दो शब्द जुड़कर एक नया अर्थ देते हैं तो ऐसे शब्द यौगिक शब्द कहलाते हैं। पाठ + शाला = पाठशाला। निम्नलिखित शब्दों को जोड़कर यौगिक शब्द बनाओ।

| उदाहरण | यौगिक शब्द |
|---|---|
| (क) स्तंभ + लेख | |
| (ख) डाक + खाना | |
| (ग) भारत + वासी | |
| (घ) जगत + गुरु | |
| (ङ) वन + राज | |

प्रश्न-69 निम्नलिखित विशेषण शब्दों को संज्ञा शब्द में बदलो।

| विशेषण शब्द | संज्ञा शब्द |
|---|---|
| (क) चतुर | |
| (ख) स्वतंत्र | |
| (ग) मधुर | |
| (घ) कुटिल | |
| (ङ) विनम्र | |

प्रश्न-70 नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द बताओ।

| शब्द | समानार्थी शब्द |
|---|---|
| (क) किरण | |
| (ख) शरीर | |
| (ग) प्रेम | |
| (घ) माँ | |
| (ङ) नदी | |

प्रश्न-71 निम्नलिखित वाक्यों में 'तुम' के स्थान पर 'मैं' का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखो।

| वाक्य | समानार्थी शब्द |
|---|---|
| (क) तुम बहुत चतुर हो। | |
| (ख) तुम घर में रहोगे। | |
| (ग) तुमने अपनी कला दिखाई। | |
| (घ) तुमसे कुछ नहीं होगा। | |
| (ङ) तुम्हारे लिए सब कुछ किया गया। | |

**'लोकगीत'**

प्रश्न-72 'लोक' शब्द के बाद कोई भी उचित शब्द जोड़कर नए शब्द बनाओ।

| उदाहरण | यौगिक शब्द |
|---|---|
| (क) लोक + | लोकनृत्य |
| (ख) लोक + | लोकप्रिय |
| (ग) लोक + | लोकगीत |
| (घ) लोक + | लोकधुन |
| (ङ) लोक + | लोकदर्शन |

प्रश्न-73 मुँह बिचकाना, मुँह फैलाना, मुँह दिखाना, मुँह बनाना- ये सभी सामान्य अर्थ न देकर विशेष अर्थ का बोध कराते हैं। अत: इन्हें मुहावरा कहा जाता है। इसी तरह 'हाथ' शब्द से जुड़े मुहावरे खोज कर लिखो।

| मुहावरा | अर्थ |
|---|---|
| (क) हाथ | |
| (ख) हाथ | |
| (ग) हाथ | |
| (घ) हाथ | |
| (ङ) हाथ | |

प्रश्न-74 'भाई-बहन' समास का विग्रह करके 'भाई और बहन' लिखा जाता है। ऐसे ही द्वंद्व समास के कोई पाँच उदाहरण बताओ।

| समास | समास-विग्रह |
|---|---|
| (क) रात-दिन | |
| (ख) माता-पिता | |
| (ग) घर-द्वार | |
| (घ) धनी-निर्धन | |
| (ङ) राम-लक्ष्मण | |

प्रश्न-75 निम्नलिखित राज्यों के लोकनृत्य का नाम लिखो।

| राज्य | लोकनृत्य |
|---|---|
| (क) पंजाब | |
| (ख) असम | |
| (ग) राजस्थान | |
| (घ) तमिलनाडु | |

| | |
|---|---|
| (ङ) मणिपुर | |

प्रश्न-76 विविध अवसरों एवं महीनों में गाए जाने वाले लोकगीतों के नाम बताओ।

| राज्य | लोकगीत |
|---|---|
| (क) सावन | |
| (ख) होली | |
| (ग) जन्म | |
| (घ) विवाह | |
| (ङ) नवरात्र | |

**'नौकर'**

प्रश्न-77 'गाना गाने वाला' - शब्दों के इस समूह के लिए एक शब्द है 'गायक'। इसी तरह दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

| शब्दों का समूह | एक शब्द |
|---|---|
| (क) रात में घूमने वाला | |
| (ख) चार भुजाओं वाला | |
| (ग) फल खाकर रहने वाला | |
| (घ) साथ पढ़ने वाला | |
| (ङ) रास्ता दिखाने वाला | |

प्रश्न-78 क्रिया के मूल रूप के अंत में 'आवट' प्रत्यय जोड़ने से संज्ञा शब्द बनता है। जैसे- लिखना क्रिया शब्द है, इसका मूल रूप लिख है। इसमें 'आवट' जोड़ने से 'लिखावट' शब्द बनता है। इसी तरह दिए गए क्रिया शब्दों को संज्ञा शब्द में बदलो।

| क्रिया शब्द | संज्ञा शब्द |
|---|---|
| (क) सजना | |
| (ख) बुनना | |
| (ग) मिलना | |
| (घ) बनना | |
| (ङ) जमना | |

प्रश्न-79 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखो।

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| (क) अतिथी | |
| (ख) लोकाप्रिय | |
| (ग) नीमंत्रित | |
| (घ) शिवीर | |
| (ङ) राजनितीक | |

प्रश्न-80 सिलाई-कढ़ाई से संबंधित कोई छह शब्द बताओ।

| शब्द | प्रयोग |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |

| | |
|---|---|
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |
| (च) | |

प्रश्न-81 शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति की पहचान होती है उसे पुलिंग शब्द कहते हैं।
जैसे- मोहन, हाथी, गुणवान इत्यादि।
शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति की पहचान होती है उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।
जैसे- राधा, हथिनी, गुणवती।
निम्नलिखित शब्दों-समूह से पुलिंग और स्त्रीलिंग शब्दों को अलग करके लिखो।
नौकर, छात्रा, सब्जी, कैदी, बुद्धिमान, पानी, गिलास, श्रीमती, हंसिनी, सेठ

| पुलिंग शब्द | स्त्रीलिंग शब्द |
|---|---|
| (क) | |
| (ख) | |
| (ग) | |
| (घ) | |
| (ङ) | |

**'वन के मार्ग में'**

प्रश्न-82 संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से वाक्य के अन्य शब्दों के साथ उसके संबंध का बोध होता है, उसे 'कारक' कहते हैं। कारक की कुल संख्या आठ है। 1- कर्ता कारक (ने), 2- कर्म कारक (को), 3- करण कारक (के द्वारा, से), 4- सम्प्रदान कारक (के लिए ), 5- अपादान कारक (से अलग, दूर), 6- संबंध कारक (का, की, के, ना, नी, ने, रा, री, रे), 7- अधिकरण कारक (में. पर), 8- संबोधन कारक (हे, हो)
निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित पदों में कारक पहचानो।

| वाक्य | कारक |
|---|---|
| (क) श्रीराम **नगर से** निकलकर चल पड़े। | |
| (ख) माथे पर **पसीने की बूँदें** छलक आईं। | |
| (ग) **वन में** पर्णकुटी बनाई गई। | |
| (घ) लक्ष्मण **जल लेने के लिए** जंगल में गए। | |
| (ङ) राम ने **राजमहल को** छोड़ दिया। | |
| (च) **सीता ने** श्रीराम की ओर देखा | |

प्रश्न-83 कारक संबंधी अशुद्धि को दूर करके शुद्ध वाक्य लिखो।

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (क) मुझको बहुत बल है। | |
| (ख) गंगा हिमालय में निकलती है। | |
| (ग) बंदर पेड़ में रहता था। | |
| (घ) वह बस पर जाएगा। | |
| (ङ) यह काम आपने करना है। | |

प्रश्न-84 निम्नलिखित शब्दों के पुलिंग रूप लिखो।

| स्त्रीलिंग | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (क) मालकिन | |
| (ख) शेरनी | |
| (ग) देवरानी | |
| (घ) राजकुमारी | |
| (ङ) सम्राज्ञी | |

प्रश्न-85 दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप बताओ।

| स्त्रीलिंग | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| (क) बधू | |
| (ख) लखि | |
| (ग) लरिका | |
| (घ) जानि कै | |
| (ङ) निकसीं | |

प्रश्न-86 निम्नलिखित वाक्यों का पदक्रम सही करके लिखो।

| अशुद्ध पदक्रम | शुद्ध पदक्रम |
|---|---|
| (1) चल पड़े अयोध्या से निकलकर राम और लक्ष्मण। | |
| (2) आतुरता देखकर सीताजी की श्रीराम रुक गए। | |
| (3) श्रीराम काँटे निकालने लगे दर तक। | |
| (4) आँखों में आँसू आ गए सीताजी के। | |
| (5) पानी लेने के लिए गए लक्ष्मण वन में। | |

**'साँस-साँस में बाँस'**

प्रश्न-87 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द बताओ।

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| (1) जीत | |
| (2) संतुष्ट | |
| (3) लघु | |
| (4) कठोर | |
| (5) उन्नति | |
| (6) सघन | |

प्रश्न-88 'दार' प्रत्यय जोड़कर पाँच शब्द बनाओ। जैसे- पहरेदार, मज़ेदार

| शब्द | नया शब्द |
|---|---|
| (1) घेर | |
| (2) चमक | |
| (3) लच्छा | |
| (4) जाली | |
| (5) काँटा | |

प्रश्न-89 दिए गए शब्दों को बहुवचन में बदलो।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| (1) टोकरी | |
| (2) राज्य | |
| (3) जंगल | |
| (4) शाखा | |
| (5) काँटा | |

प्रश्न-90 वि + भिन्न = विभिन्न इसी तरह 'वि' उपसर्ग से अन्य शब्द बनाओ।

| उपसर्ग | नया शब्द |
|---|---|
| (1) वि + मोहन | |
| (2) वि + ज्ञान | |
| (3) वि + लुप्त | |
| (4) वि + नम्र | |
| (5) वि + वाद | |

प्रश्न-91 जिन वर्णों के उच्चारण में मुख और नाक दोनों की सहायता ली जाती है उन वर्णों को अनुनासिक या नासिक्य कहा जाता है। इसे वर्ण के ऊपर चन्द्र बिंदु लगाकर दिखाया जाता है। यहाँ दिए गए उदाहरण के अनुसार अनुनासिक वाले दस शब्द लिखो। जैसे - दाँत, साँप।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-92 मनुष्य के हाथ की पाँचों अँगुलियों के नाम तथा उन अँगुलियों की कोई एक विशेषता बताओ।

| अँगुलियों के नाम | विशेषता |
|---|---|
| (1) | |
| (2) | |
| (3) | |
| (4) | |
| (5) | |

प्रश्न-93 चहल-पहल, चमक-दमक। इसी तरह बिना मात्रा वाले शब्द के जोड़े खोजकर लिखो।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

**अतिरिक्त प्रश्न**

प्रश्न-94 निम्नलिखित संख्याओं को क्रमसूचक संख्या में बदलो।

| | |
|---|---|
| (1) एक | |
| (2) चार | |
| (3) सात | |
| (4) बारह | |
| (5) बाइस | |

प्रश्न-95 जग्गा, तल्ली, दब्बू । इसी तरह शब्द के मध्य में समान संयुक्त अक्षर वाले शब्द बताओ।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-96 बिकना में 'आऊ' प्रत्यय जोड़ने से 'बिकाऊ' शब्द बनता है। इसी तरह क्रिया शब्दों में 'आऊ' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।

| | |
|---|---|
| (1) चलना | |
| (2) टिकना | |
| (3) कमाना | |
| (4) ऊबना | |
| (5) जलना | |

प्रश्न-97 शब्द के पहले उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाए जाते हैं। जैसे- प्रति + कर = प्रतिकर, प्रति + मान = प्रतिमान। ऐसे ही 'प्रति' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाओ।

| उपसर्ग | नया शब्द |
|---|---|
| (1) प्रति + | |
| (2) प्रति + | |
| (3) प्रति + | |
| (4) प्रति + | |
| (5) प्रति + | |

प्रश्न-98 'फुटबाल' खेल का आँखों देखा हाल सुनना बहुत रोचक होता है। इस खेल से जुड़े आठ शब्द लिखिए।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-99 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी सही करके लिखो।

| अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द | शुद्ध वर्तनी वाले शब्द |
|---|---|
| (1) विषेश | |
| (2) पिरथवी | |

| | |
|---|---|
| (3) मोहीत | |
| (4) सैनीक | |
| (5) औसर | |

प्रश्न-100 क्रिया शब्दों को संज्ञा शब्दों में बदला जा सकता है। जैसे- क्रिया : खेलना - संज्ञा : खेल
निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा में बदलिए-

| क्रिया शब्द | संज्ञा शब्द |
|---|---|
| (1) जीतना | |
| (2) दौड़ना | |
| (3) हँसना | |
| (4) लिखना | |
| (5) उड़ना | |

प्रश्न-101 आपकी कक्षा के लिए तैयार किया गया दक्षता आधारित प्रश्नों का यह संग्रह बहुत उपयोगी है। इस विषय पर अपनी दादीजी या नानीजी को लिखकर बताओ।

प्रश्न-102 कोई ऐसी कविता अपनी कार्य-पुस्तिका में लिखो जिसे सुनाना आपको बहुत पसंद है।

प्रश्न-103 कोई ऐसी प्रेरक बात (सूक्ति) लिखो जो आपके पिताजी हमेशा याद रखना चाहें।

प्रश्न-104 निम्नलिखित शब्दों को वर्णमाला के क्रम में लगाओ।

जनक, बेचैन, कंठ, साहस, दुनिया, अँधेरा, नयन, विनीत, ताप, गणेश।

| | |
|---|---|
| (1) | (6) |
| (2) | (7) |
| (3) | (8) |
| (4) | (9) |
| (5) | (10) |

प्रश्न-105 दिए गए शब्दों के अर्थ बताओ। जैसे : अंबर - आकाश।

| शब्द | शब्दार्थ |
|---|---|
| (1) तम | |
| (2) कोष | |
| (3) मोक्ष | |
| (4) वायु | |
| (5) कपि | |

प्रश्न-106 आम और नीबू के बीच बातचीत की कल्पना करके अपनी कार्य-पुस्तिका में लिखो।

आम-

नीबू-

आम-

नीबू-

आम-

नीबू-

आम-

नीबू-

आम-

नीबू-

**द्वारा**

सन्तोष कुमार कुशवाहा

प्रशिक्षण सहायक (हिन्दी)

के.वि.सं., शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़

.....................................x.....................................................x...........................................